Fourteenth Loksabha

Session : 10
Date : 14-05-2007

Participants : Jatiya Dr. Satyanarayan

Title: Need to formulate a Development Programme under IRDP for the uplift of Rural India.

डॉ. सत्यनारायण जटिया (उज्जैन) : महोदय, देश की जनसंख्या का 70 प्रतिशत से अधिक कृषि प्रधान अर्थव्यवस्था पर निर्भर है, किंतु बजट के सकल घरेलू उत्पाद में इसकी भागीदारी 18.5 प्रतिशत है और यह विगत वर्ा से एक प्रतिशत कम हुआ है।

गांव का अर्थ खेती - किसान - खेतिहर मजदूरी और खेती के सहायक उपकरण तैयार करने वाले कारीगर और सम्बद्ध लोग हैं। बिजली की मांग पर पूर्ति, सिंचित रकबे की वृद्धि के लिये जल संसाधन और ग्रामीण उद्योग धंधे को बाजार और प्रोत्साहन का अभाव है। बेरोजगारी और अर्थाभाव के कारण ग्रामीण जीवन कट एवं असुविधाओं का पर्याय बन गया हे। देश की बहुसंख्यक ग्रामीण आबादी के विकास के बिना भारत का विकास सही मायनों में नहीं है और यह संविधान की लोकतंत्रात्मक संरचना एवं सामाजिक, आर्थिक न्याय की सर्वथा अ वहेलना है।

अतएव केन्द्र सरकार ग्रामीण भारत की कृषि प्रधान अर्थ संरचना के सर्वांगीण विकास के लिए कृषि, सड़क, बिजली, पानी, शिक्षा चिकित्सा सहित ग्रामीण विकास का एकीकृत कार्यक्रम प्रधान मंत्री की अध्यक्षता में अविलम्ब कार्यान्वित करें।